# नॉन प्रैक्टिस अलाउंस की मांग, आमरण अनशन पर बैठे पशु चिकित्सक



बीकानेर में मांगों को लेकर पशु चिकित्सक अनशन पर बैठे।

- मांगों को लेकर पशु चिकित्सकों का धरना अब अनिश्चितकालीन अनशन में तब्दील

**बीकानेर,** (कासं)। मांगों को लेकर पशु चिकित्सकों का धरना अब अनिश्चितकालीन अनशन में तब्दील हो चुका है। यह प्रदेश स्तर के कार्यक्रम वेटरनरी डॉक्टर्स एसोसिएशन एवं राजस्थान पशु चिकित्सक संघ के नेतृत्व में हर जिले में पशु चिकित्सक आमरण अनशन में बैठ रहे हैं।

इसी क्रम में बीकानेर जिले से डॉ. सुभाष घारू व डॉ. ओ. पी. पडिहार, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग परिसर में अनशन पर बैठ चुके हैं। राजस्थान पशु चिकित्सक संघ के महासचिव डॉ. बॉयल ने बताया कि आज लगातार इतने दिनों तक कार्य बहिष्कार व धरने के बाद भी सरकार चेत नहीं रही है। अत: दोनों संघों ने यह निर्णय किया है कि अब हड़ताल को युद्ध स्तर का रूप दिया जायेगा। इसी क्रम में हर जिले पर अनिश्चितकालीन अनशन का निर्णय लिया ताकि सरकार संवेदनशील होकर हमारी मांग तत्काल पूरी करें। डॉ. कुलदीप चौधरी ने कहा कि हमारी एक मात्र मांग हैं जो यदि नहीं मानी जायेगी तो यह अनशन लगातार चलता रहेगा।

राजस्थान की जीडीपी में पशुपालन का 12 प्रतिशत योगदान है। उसमें पशु चिकित्सक की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. कमल व्यास ने बताया कि देश लगभग सत्रह राज्यों में दिया जा रहा है और हम पशु चिकित्सकों की वजह से दूध और ऊन में राजस्थान प्रथम स्थान है। गोपालन विभाग, पशुपालन विभाग से भिन्न होने के बाद भी पशु चिकित्सकों द्वारा गोपालन विभाग की सभी गौशालाओं में टीकाकरण, नियमित उपचार, नियमित सर्वे का कार्य किया जाता है। जिससे गौशालाओं के पशुओं को चारे के लिये नियमित अनुदान प्राप्त हो सके हैं।

आलम यह हैं कि राज्य में पशुओं कि संख्या के अनुरूप पशु चिकित्सकों की संख्या भी नहीं हैं। इसके अतिरिक्त मौसमी बीमारियों में भी घर-घर, खेत-खेत विभिन्न पशुओं का टीकाकरण कार्य, कृत्रिम गर्भाधान का कार्य, इमरजेंसी दुर्घटना के मामले, पोस्टमार्टम, विभागीय व प्रशासनिक कैम्प इत्यादि भी पशु चिकित्सकों द्वारा सम्पादित किये जाते हैं।

और पशु चिकित्सक विषम परिस्थितियां में भी अपना शत प्रतिशत कार्य सम्पादित करता है। लम्पी जैसी महामारी में भी इन पशु चिकित्सकों ने अपनी जी जान लगाकर पूरे प्रदेश भर कार्य किया और प्रदेश को लम्पी मुक्त किया। ये विषम परिस्थितियां पिछले दो दशक से हैं जिसकी मांग भी सरकारों को रही हैं। इतना कार्य करने कारण पशु चिकित्सक प्रैक्टिस नहीं कर पाता हैं तथा अपने साधन संसाधनों से यह विभाग के सम्पूर्ण कार्य करते हैं। अत: लम्बे समय की यह मांग (नॉन प्रैक्टिस अलाउंस) के रूप में रही है।

दिसम्बर 2023 से 40 दिन का धरना, क्रमिक अनशन व आमरण अनशन भी किया। जिसे पशुपालन मंत्री ने ज्यूस पिलाकर तुड़वाया और मांग को जायज़ ठहराया और कामधेनु योजना लांच होने पर इसे देने का वादा भी किया था। 06 सितम्बर 2023 को कामधेनु बीमा लांच के समय की मांग को ठुकरा दिया। इसी क्रम में 16 सितम्बर को एक एक दिवसीय धरना व 18 सितम्बर से कार्य बहिष्कार का नेतृत्व द्वारा निर्णय किया गया। 21 सितम्बर को प्रदेश स्तर का एक दिवसीय धरना दिया गया।

**काउंसलिंग प्रक्रिया जारी :** वेटरनरी विश्वविद्यालय के संघटक एवं सम्बद्ध वेटरनरी कॉलेजों में उपलब्ध सीटों पर बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. डिग्री पाठ्यक्रम (सत्र 2023-24) में प्रवेश आवंटन हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग कर अलग-अलग महाविद्यालयों में सीट आवंटन के बाद प्रमाण-पत्र सत्यापन कर शुल्क जमा करवाने हेतु व्यक्तिगत रूप से बीकानेर वेटरनरी कॉलेज में बुलाया गया है। चेयरमैन स्नातक प्रवेश मण्डल प्रो. ए. पी. सिंह ने बताया कि बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के तीन सरकारी महाविद्यालयों वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर, वेटरनरी कॉलेज, नवानियां उदयपुर एवं पी.जी.आई.वी.ई.आर. जयपुर के साथ-साथ, अपोलो कॉलेज ऑफ वेटरनरी जयपुर सहित अन्य जगह भी प्रवेश जारी है।

## भगत सिंह की प्रतिमा अनावरण

**बीकानेर,**(कासं)। युवा क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह की 116 वीं जन्म जयंती पर बीकानेर के ग्रुप ऑफ भगत सिंह द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया है। ग्रुप के महासचिव पवन कुमार राठी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत जहां एक ओर तिरंगा वाहन यात्रा से प्रारंभ होगी। वहीं भगत सिंह की प्रतिमा अनावरण के साथ सम्मान समारोह आयोजन भी होगा।

ग्रुप अध्यक्ष नवल गिरी ने बताया कि दोपहर 2 बजे स्थानीय पुष्करणा स्टेडियम, एम.एम. ग्राउंड रोड से प्रारम्भ होकर विभिन्न मौहल्लों से होते हुए जयनारायण व्यास कॉलोनी, सैक्टर नं. 02, भगत सिंह पार्क पहुंचेगी। जहां प्रतिमा का अनावरण का कार्यक्रम होगा। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशेष आमंत्रित अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के सुपौत्र अमित आजाद तिवारी, नेहा तिवारी, ग्रुप संरक्षक नित्यानन्द पारीक, तोलाराम सियाग आदि हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रा के सभी सदस्य एवं शामिल सभी युवा साथी तिरंगे के साथ उपस्थित रहेंगे।

ग्रुप के सलाहकार मंत्री राय विशाल शर्मा ने बताया कि प्रतिमा अनावरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ से चन्द्रशेखर आजाद के सुपौत्र अमित आजाद तिवारी, नेहा तिवारी, कोषाध्यक्ष संदीप सिंह राठौड़ के अनुसार तिरंगा यात्रा एवं प्रतिमा अनावरण सम्मान समारोह कार्यक्रम बीकानेर वासियों के अलावा हरियाणा, छत्तीसगढ़, पंजाब, श्रीगंगानगर, कोलायत आदि अनेक स्थानों से कई सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## सार-समाचार

### आचार्य भिक्षु का चरमोत्सव मनाया



आचार्य श्री भिक्षु के चरमोत्सव कार्यक्रम को साध्वी शशिरेखा ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। तेरापंथ धर्मसंघ के आद्य प्रणेता आचार्य भिक्षु का 221 वां चरमोत्सव युग प्रधान आचार्य महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती मुनि श्रेयांश कुमार, सुशिष्या शशिरेखा, ललितकला के सानिध्य में शांति निकेतन में मनाया गया। श्रेयांश कुमार ने अपने उद्बोधन में आचार्य भिक्षु को विलक्षण पुरूष बताते हुए उनके जीवन प्रसंग सुनाए। उन्होंने गीतिका के माध्यम से अभिवंदना प्रस्तुत की। शासन शशिरेखा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य भिक्षु का जीवन एक उजला प्रकाश था। वे सत्य के पुजारी थे। उन्होंने सत्य के सूरज को उजागर किया। उन्होंने सत्य के लिए धर्म क्रांति की। उनका जीवन मंगल था और मंगल से उनका विशेष जुड़ाव था। उनका जन्म मंगलवार को हुआ। उन्होंने मंगलवार के दिन ही धर्मक्रांति की तथा देवलोकगमन भी मंगलवार को ही हुआ। ललितकला ने आचार्य भिक्षु से संबंधित घटनाओं के माध्यम से उनका जीवन परिचय कराया। विमलबिहारी, साध्वी मृदुला कुमारी ने अपने विचार व्यक्त किये। कांतप्रभा ने गीतिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गीतिका से हुआ। तेरापंथी सभा के सहमंत्री पवन छाजेड़, तेरापंथ युवक परिषद के विपिन बोथरा, कन्या मंडल सहसंयोजिका प्रिया संचेती ने अभिवंदना में अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ज्ञानशाला व्यवस्थापक देवेन्द्र डागा ने किया।

### रा. प्रा. वि. बंगलानगर का शुभारंभ


राजकीय प्राथमिक विद्यालय बंगलानगर का शुभारंभ मुख्य अतिथि यू.सी.ई.ई.ओ. नत्थूसर गेट कमल भारद्वाज ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। बंगला नगर में हाल ही में नवीन राजकीय प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत हुआ है। जिसका शुभारंभ मोहल्लेवासियों के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। नवीन विद्यालय का शुभारंभ मुख्य अतिथि यूसीईईओ नत्थूसर गेट कमल भारद्वाज व विशिष्ट अतिथि श्रीराम सोनी प्रधानाचार्य राउमावि रेलवे क्रॉसिंग बीकानेर द्वारा किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में अभिभावकों व छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही। प्रथम दिवस ही नवीन विद्यालय में 7 छात्रों को प्रवेश देकर नामांकन किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में बद्री प्रसाद गोदारा, कन्हैयालाल चाहर, विक्रम व्यास, मोहन लाल कूकना, सोहन लाल कूकना, हरिराम तरड़, पूनम चौधरी, शिव रतन चाहर, शिव शंकर गोदारा, डूंगरराम सुथार, रूप सिंह, फूसाराम नैन आदि उपस्थित थे। विद्यालय के विकास में सदैव सहयोग करने का आश्वासन दिया। शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर रमेश भाम्भू द्वारा उपस्थित छात्रों व अभिभावकों को नवीन विद्यालय स्वीकृत होने की खुशी में प्रसाद स्वरूप मिठाई का वितरण किया गया।

### तस्कर की कार पलटी, घायल

**बीकानेर,** (कासं)। सैरुणा थाना इलाके में मंगलवार को एक कार पलट गई, जिससे चालक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने कार की तलाशी ली, जिसमें मादक पदार्थ मिला। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया। चालक को गंभीर हालत में पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सैरुणा एसएचओ इन्द्रलाल ने बताया कि मंगलवार सुबह नाकाबंदी की हुई थी। तभी सूचना मिली कि वीर तेजा होटल से थोड़ा आगे एक कार पलट गई है, जिसमें चालक फंसा हुआ है। इस पर पुलिस टीम वहां पहुंची। पुलिस ने कार में फंसे चालक को निकाल कर पीबीएम अस्पताल भिजवाया। कार की तलाशी ली। कार की डिग्गी में दो बोरे मिले, जिनकी तलाशी लेने पर उनसे डोडा-पोस्त बरामद हुआ। डोडा-पोस्त व कार को जब्त कर लिया गया है।कार से मोबाइल व अन्य सामान बरामद पुलिस के अनुसार, कार से दो मोबाइल एवं कार के डैश बोर्ड के अंदर से सरदारशहर के गिन्नाणी बास निवासी शुभम पारीक पुत्र राजकुमार पारीक नाम के दो आधार कार्ड तथा एसबीआई बैंक का डेबिट कार्ड बसंत पारीक के नाम का मिला है। दस्तावेजों की तस्दीक की जा रही है। वहीं चालक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। चालक के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अस्थाई ठेका कार्मिकों का धरना

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बजट घोषणा 2023 के अनुसार ठेका प्रथा समाप्त कर आरएलएसडीसी बोर्ड के जरिए सभी अस्थाई कार्मिकों को एडॉप्ट करने की घोषणा सात माह बीत जाने के बाद भी पूरी नहीं हुई है। इससे संविदा और निविदा पर कार्यरत कर्मचारियों में राज्य सरकार के खिलाफ नाराजगी है। मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने के लिए उन्होंने बुधवार को एक दिन का सांकेतिक कार्य बहिष्कार किया। मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

# हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा

- शराब के लिए पचास रूपये मांगे थे, नहीं देने पर चाकू घोंपकर मार दिया था
- तीन साल में अदालत ने सजा सुनाई
- चाकू रखने पर आर्म्स एक्ट के तहत भी दोषी माना

**बीकानेर,** (कासं)। कोटगेट थाना क्षेत्र में करीब तीन साल पहले एक शख्स को महज पचास रूपये नहीं देने पर चाकू घोंपकर मारने के मामले में अपर अदालत ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उसे आर्म्स एक्ट सहित अनेक मामलों में सजा सुनाई है।

कोटगेट थाना क्षेत्र में दो अगस्त 20 को प्रेमकुमार सरदाना की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप जीतू उर्फ कालू पुत्र धन्नाराम जीनगर पर लगा था। आरोप है कि उसने शराब के लिए पचास रूपए मांगे थे। प्रेम कुमार ने देने से मना कर दिया। इस पर नाराज होकर जीतू ने अपने पास रखे चाकू से प्रेम कुमार पर कई वार कर दिए। प्रेम कुमार को गंभीर अवस्था में पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

ये मामला पहले मारपीट और हत्या के प्रयास की धाराओं के साथ दर्ज हुआ था। लेकिन बाद में मृत्यु होने पर हत्या का दर्ज हो गया। पुलिस ने मामले में चालान पेश कर दिया। इस मामले में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक धर्मेन्द्र कुमार रंगा व परिवादी के अधिवक्ता किशन लाल सांखला व आशा भाटी एडवोकेट ने पैरवी करते हुए कुल 13 गवाहों के बयान कराये तथा 27 दस्तावेजों को प्रदर्शित करवाया।

बड़ी संख्या में गवाह और सबूत पेश करने के बाद अदालत ने बुधवार को पीठासीन अधिकारी अनुभव सिडाना की अदालत ने फैसला सुनाया। जिसमें जीतू उर्फ कालू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही एक लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने चाकू रखने पर आर्म्स एक्ट के तहत भी उसे दोषी माना है। जिसके लिए अलग से सजा सुनाई गई है।

## जज ने किया जेल का निरीक्षण

**बीकानेर,** (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष देवेन्द्र प्रकाश शर्मा (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) ने केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण किया।

इस दौरान उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जिन सजायाफ्ता बंदी की अपील प्रस्तुत नहीं है। उनके भी फार्म मौके पर भरवाये गए। साथ ही जिन बंदियों के पास पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता के तहत अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। कारागृह में इस हफ्ते नव प्रवेशित महिला बंदियों से भी मुलाकात की और कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बैरक तथा बंदियों से उनके परिजनों से मुलाकात एवं अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सचिव रैना शर्मा तथा जेल अधीक्षक, महिला जेल उप अधीक्षक तथा जिला एवं सेशन न्यायालय के निजी सचिव किर्ती निधी तिवाड़ी आदि मौजूद थे।

# दिव्यांग लीलाधर को दी बैंक में नौकरी

- दुर्घटना में लीलाधर ने दोनों हाथ गंवा दिए
- पैरों की अंगुलियों से पी.एम. को पत्र लिखा था

**बीकानेर,** (कासं)। रेलवे ऑडिटोरियम में डाक विभाग की ओर से रोजगार मेले का आयोजन कर केन्द्र सरकार से नौकरी पाने वाले युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आयोजन से वर्चुअल जुड़े और ई पत्र युवाओं को भेंट किए। मंच से जब दिव्यांग लीलाधर का नाम पुकारा गया और वह आगे बढ़ा तो चारों तरफ सन्नाटा पसर गया। दोनों हाथ नहीं होने के बावजूद अपने हौसले और साहस की बदौलत लीलाधर को इंडियन ओवरसीज बैंक में नौकरी मिली है। कार्यक्रम में मौजूद केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम उठकर लीलाधर के पास पहुंचे और नौकरी पाने पर प्रतिक्रिया जानी। इस पर दिव्यांग ने अपने पैर की अंगुलियों से पेन को थामा और एक कागज पर प्रधानमंत्री का आभार लिखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से वर्चुअल रूप में और कार्यक्रम में मौजूद केन्द्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। लीलाधर ने वर्ष 2009 में एक दुर्घटना में अपने दोनों हाथ गंवा दिए थे। इसके बाद भी हिम्मत नहीं हारी और लगातार संघर्ष करता रहा। पीएम नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेले के तहत सरकारी विभागों व संगठनों में भर्ती के 51,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने युवाओं से कहा कि अगले कुछ साल में हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।

# बीकानेर के शिक्षक महापंचायत में रवाना

- शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर आज जयपुर मं महापंचायत

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण करवाने की मांग को लेकर चलाये जा रहे शिक्षा बचाओ कार्यक्रम अन्तर्गत 28 सितम्बर को प्रान्त व्यापी आव्हान के तहत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आन्दोलन के क्रम में जयपुर पर शिक्षा बचाओ महापंचायत का आयोजन सूरज मैदान जयपुर में सुबह 10 बजे से किया गया है।

अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य व प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि प्रत्येक स्तर पर आंदोलन के बाद भी सरकार अपने घोषणा पत्र में की गई घोषणाओं को पूर्ण नहीं कर पाई है, जिससे शिक्षकों में आक्रोश है। संगठन ने शिक्षकों की मांगों को पूर्ण करने के लिए सरकार द्वारा किये अपने वचन सरकार को याद आये। इसलिए शिक्षक महापचायत के माध्यम से जगाने का प्रयास कर रहा है कि समय रहते वादे क्रियान्विति करें तथा सवादहीनता दूर करें। संगठन के जिला मंत्री नरेन्द्र आचार्य ने बताया कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानान्तरण करने, वेतन विसंगतियों को निवारण करने, नित नए अव्यवहारिक आदेशों पर रोक लगाने, गैर शैक्षिक कार्यों पर रोक लगाने, डीपीसी हेतु नियमों की असमंजसता को दूर करने, विधानसभा के बजट सत्र में की गई घोषणाओं की कियान्विति करवाने सहित कई मांगें है।

## खेजड़ी से भरा ट्रैक्टर रेहड़ा जब्त

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ के नजदीकी क्षेत्र चक तीन डीएसएम के नर्सरी भूमि से राज्य वृक्ष खेजड़ी से भरा हुआ ट्रैक्टर व रेहडा॰जब्त किया।

मामले के अनुसार रेंजर रणसिंह शेखावत ने बताया कि सुबह 8:00 बजे ग्रामीणों ने सूचना दी कि क्षेत्र के चक तीन डीएसएम की बारानी नर्सरी भूमि में एक रेहडा खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते में फंसा हुआ है। इसमें राज्य वृक्ष खेजड़ी के पेड़ भरे हुए हैं।

सूचना मिलते ही रेंजर दल बल सहित मौके स्थिति पर पहुंचे जहां पर रेहडा॰मौजूद था।

कुछ ही दूरी पर एक होटल पर ट्रैक्टर भी खड़ा मिला। पर्यावरण एवं वन्य जीव रक्षक कमेटी के खेतपाल भांभू ने बताया कि आये दिन हो रहे राज्य वृक्ष खेजड़ी के अवैध कटान को लेकर क्षेत्र के जागरूक लोगों ने पहले भी कई रेहड़े जब्त करवाए हैं लेकिन अवैध कटान का धंधा फिर भी थमा नहीं है।

# थाने से दीवार फांद कर भागा चोर, सुरक्षा प्रहरी निलंबित

- पुलिस ने करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी को रेलवे स्टेशन रोड के पास से दबोच लिया
- रोझां गांव में दुकान के गुल्लक से 2.33 लाख रुपए चुरा ले गया था युवक

**बीकानेर,** (कासं)। लूणकरनसर थाने से चोरी का आरोपी दीवार फांद कर भाग गया। आरोपी के भागने के बाद पुलिस कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया।

हालांकि पुलिस ने करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी को रेलवे स्टेशन रोड के पास से दबोच लिया। पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने थाने से आरोपी भागने के मामले में लापरवाही के लिए जिम्मेदार सुरक्षा प्रहरी विरेन्द्र सिंह को निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार साधेरा निवासी राजपाल पुत्र हरिराम गोदारा की लूणकरनसर तहसील के रोझां रोड पर अनाज व पशुआहार की दुकान है। सुबह करीब पौने नौ बजे एक युवक गुल्लक में रखे दो लाख 33 हजार रूपये ले भागा।

लोगों ने पीछा कर उसे पकड़ा और जमकर धुनाई की। लोगों ने उसकी तलाशी ली तो उसकी अंडरवियर के अंदर से दो लाख 33 हजार रूपए बरामद हुए। सूचना पर पुलिस रोझां पहुंची। पुलिस आरोपी को पकड़ कर थाने ले आई।

पुलिस परिवादियों से घटनाक्रम की जानकारी ले रही थी। तभी युवक मौका पाकर थाने की दीवार फांद कर भाग गया। कुछ देर बाद जब थाने में आरोपी दिखाई नहीं दिया तो पुलिस कर्मचारियों के हाथ-पांव फूल गए। उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। थाने से व्यापारी के भाग जाने की खबर मिलते ही व्यापारी नाराज हो गए।

उन्होंने पुलिस को इसके लिए खरी-खोटी सुनाई। एएसपी (ग्रामीण) डॉ. प्यारेलाल शिवरान ने बताया कि आरोपी गोडू निवासी राहुल (21) पुत्र जगदीश बिश्नोई को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ थाने से भागने के आरोप में भी मामला दर्ज किया गया है।

# बच्चों ने अणुव्रत अमृत महोत्सव की प्रस्तुति से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



अणुव्रत अमृत महोत्सव के 44 प्रकल्पों पर लघु नाट्य की प्रस्तुति देती छात्रा।

- अणुव्रत आन्दोलन अणुव्रत अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है

**बीकानेर,** (कासं)। अणुव्रत अमृत महोत्सव के 44 प्रकल्पों पर लघु नाट्य की प्रस्तुति दी। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में अणुव्रत आन्दोलन अणुव्रत अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

इसी उपलक्ष में नैतिकता के शक्तिपीठ गंगाशहर स्थित आचार्य तुलसी समाधी स्थल प्रांगण में सेमूनो इंटरनेशनल टेक्नो स्कूल व हीरालाल सौभागमल रामपुरिया के बच्चों ने अणुव्रत अमृत महोत्सव की प्रस्तुति देकर ना केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया अपितु उपस्थितजनों का मन मोह लिया। इस प्रस्तुति की सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी की पर्यावरण जागरुकता अभियान की राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नीलम जैन ने बताया कि नैतिकता के शक्तिपीठ आचार्य तुलसी समाधी स्थल पर साध्वी शशिकला ललितप्रभा सहित साध्वीवृंद के सानिध्य में एवं अणुव्रत विश्व भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश नाहर के आतिथ्य में आयोजित हुए कार्यक्रम में बच्चों ने नाटिका के माध्यम से अणुव्रत कार्यकर्ताओं को 44 प्रकल्पों की जानकारी बच्चों ने नाटिका के माध्यम से दी।

डॉ. नीलम जैन ने बताया कि नैतिकता के शक्तिपीठ, गंगाशहर आचार्य तुलसी समाधि स्थल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में निर्वतमान अणुव्रत अमृत महोत्सव के राष्ट्रीय संयोजक संचय जैन, महामंत्री भीकमचंद सुराणा व उपाध्यक्ष राजेश सुराणा व सहमंत्री उमेन्द्र गोयल, संगठन मंत्री कुसुम लूनिया, विनोद बाफना, हंसराज डागा, दीपक आंचलिया, बसंत नौलखा, पूर्व महापौर नारायण चौपड़ा, धर्मेन्द्र डाकलिया, इशरचंद बोथरा इंदरचंद सेठिया सौजन्यकर्ता पूनमचंद, आशकरण, कमलचंद बोथरा परिवार सहित गणमान्यजन मौजूद थे।

# सौरभ श्रीवास्तव करेंगे 'अंधेरे रोशनी के' नाटक का मंचन

**बीकानेर,** (कासं)। विरासत संवर्धन संस्थान के तत्वावधान में 01 अक्टूबर, रविवार को सायं 07 बजे से टी.एम. ऑडिटोरियम बीकानेर में 'अंधेरे रोशनी के' नाटक का मंचन गन्धर्व थियेटर, जयपुर द्वारा सौरभ श्रीवास्तव के निर्देशन में किया जायेगा।

विरासत संवर्द्धन संस्थान के टी. एम. लालाणी ने बताया कि 'अंधेरे रोशनी के' अंग्रेज़ी के एक प्रसिद्ध नाटक 'गैसलाइट' का हिन्दी रूपान्तरण है। सन् 1938 में पैट्रिक हैमिल्टन ने इसे लिखा और फिर 1940 में ब्रिटेन में तथा 1944 में हॉलीवुड में इस स्क्रिप्ट पर आधारित फिल्में भी बनीं और हॉलीवुड में बनी फिल्म को दो ऑस्कर अवार्ड भी मिले।

संस्था के उपाध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद सहल ने निर्देशक व अभिनेता सौरभ श्रीवास्तव का परिचय देते हुए बताया कि सौरभ श्रीवास्तव भारतीय पुलिस सेवा में साल 1991 बैच के अधिकारी रहे। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डीजी (महानिदेशक) रहने के साथ उन्हें लेकिन दिल से एक उम्दा कलाकार भी है। उत्तरप्रदेश के बनारस शहर के रहने वाले एडीजी सौरभ श्रीवास्तव कॉलेज के दिनों से ही थियेटर से जुड़े रहे तथा इलाहाबाद, लखनऊ और कानपुर में शिक्षा के साथ रंगमंच पर भी सक्रिय रहे। इसी साल सेवानिवृत होने के बाद वह पूरी तरह से रंगमंच को समर्पित होकर रंग प्रेमियों को भी अपनी कला से सराबोर कर रहे है।संस्था के जतन दुग्गड़ ने बताया कि नाटक के हिन्दी रूपान्तरकार सौरभ श्रीवास्तव ने इसकी कहानी में कोई विशेष परिवर्तन किये बिना ही इस नाटक को हिन्दुस्तानी पृष्ठभूमि और भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश में ढाला है। यह नाटक एक मनोवैज्ञानिक रहस्य गाथा की तरह है जिसमें काफ़ी 'सस्पेन्स' बना रहता है तथा घटनाएं घटित होती चलती हैं और रहस्य पर रहस्य खुलते जाते हैं।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100770 **लोक सूचना** दिनांक : 29.08.2023

श्री संजीव कुमार पुत्र श्री सतीश कुमार एवं श्री राजीव कुमार पुत्र श्री सतीश कुमार निवासी म.न. 73 के ब्लॉक, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 4 जैड तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्री संजीव कुमार पुत्र श्री सतीश कुमार एवं श्री राजीव कुमार पुत्र श्री सतीश कुमार | चक 4 जैड मुरब्बा नं. 48, किला नं. 1/1 में 0.142 है., 2/1 में 0.009 है., 2/2 में 0.229 है., 3/2 में 0.238 है., कुल 0.618 हैक्टेयर | कुल 0.618 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 29.08.2023 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# ऊर्जा मंत्री ने बच्छासर में किया 1.90 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

**बीकानेर,** (कासं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कोलायत विधानसभा क्षेत्र की नवसृजित ग्राम पंचायत बच्छासर में 1 करोड़ 90 लाख रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और 95 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

ऊर्जा मंत्री ने बुधवार को बच्छासर में 35 लाख रूपए की लागत से बने ग्राम पंचायत बच्छासर कार्यालय भवन का, 10 लाख रूपए से बनी इसकी चार दीवारी का और ग्राम पंचायत भवन परिसर में जल कुण्ड निर्माण छत टाइल, मुख्य द्वार निर्माण एवं मिट्टी भराई का कार्य का लोकार्पण किया। इसके अलावा यहां 33/11 के.वी. सब स्टेशन बच्छासर में 23.15 एमवीए के स्थान पर 25 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर स्थापित करने का कार्य का लोकार्पण भी किया। इस पावर ट्रांसफार्मर पर 155 लाख खर्च किए गये है।

ऊर्जा मंत्री ने बच्छासर दौरे के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बच्छासर में 4 कक्षा कक्षों का निर्माण कार्य का, उप स्वास्थ्य केन्द्र 25 लाख की लागत से बनने वाले लेबर रूम के निर्माण कार्य का, मेघवालों का मोहल्ला वार्ड नं. 5 अम्बेडकर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का, मुसलमानों का मोहल्ला वार्ड नं. 2 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का, जाटों का मोहल्ला वार्ड नं. 4 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। प्रत्येक सामुदायिक भवन पर 10-10 लाख रूपये खर्च होंगे।



ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ( बायें से तीसरे ) ने बच्छासर में ग्राम पंचायत भवन सहित अन्य कार्यों का लोकार्पण किया।

कोलासर 33/11 के जीएसएस की रखी आधारशिला ऊर्जा मंत्री भाटी ने ग्राम पंचायत कोलासर में 33/11 के वी जीएसएस की आधारशिला रखी। उन्होंने बताया कि उपखंड देशनोक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कोलासर 33/11 के वी जी एस एस आर डी एस एस स्कीम के तहत स्वीकृत करवाई गई है। इससे विद्युत तंत्र भवन निर्माण पर 1 करोड़ 80 लाख रूपए खर्च होंगे। इस जीएसएस से कोलासर गांव का तीन फेस 24 घंटे सप्लाई फीडर व तीन कृषि फीडर सीधे खींचे जायेंगे। जिससे कोलासर के लगभग 500 घरेलू उपभोक्ता तथा 70- 80 कृषि उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति होगी व कम वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस जीएसएस से एक गांव का फीडर व तीन कृषि फीडर सहित कुल चार 11 के वी के फीडर प्रस्तावित है। ऊर्जा मंत्री ने इसके बाद राजकीय पशु उप केन्द्र कोलासर का शिलान्यास किया।

उन्होंने ग्राम पंचायत मेघासर में मेघवालों के मोहल्ले में विधायक निधि कोष से स्वीकृत सामुदायिक भवन का

- **बच्छासर में 35 लाख रूपए की लागत से बने ग्राम पंचायत भवन, 10 लाख रूपए से बनी इसकी चारदीवारी और ग्राम पंचायत भवन परिसर में जल कुण्ड निर्माण, छत टाइल, मुख्य द्वार निर्माण का लोकार्पण किया**

शिलान्यास भी किया। इससे पहले ग्राम पंचायत बच्छासर पहुंचने पर ग्रामीणों पुष्प वर्षा कर ऊर्जा मंत्री का भव्य स्वागत किया।

वहीं शिल्प एवं माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष डूंगरराम गेदर एक दिवसीय दौरे पर 28 सितम्बर को श्रीगंगानगर जिले के पदमपुर क्षेत्र में आयेंगे। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार 28 सितम्बर को प्रात: 9.30 बजे ग्राम पंचायत जीवनदेसर में सड़क उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

इसी दिन 10.30 बजे ग्राम पंचायत 34 एलएनपी में सड़क उद्घाटन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## सोशल मीडिया वीर सम्मानित

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। आमजन को सोशल मीडिया के माध्यम से अधिकाधिक जागरूक करने के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के आईईसी अनुभाग ने अनूठा नवाचार करते हुए सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले टॉप फैन नागरिकों को सम्मानित किया।

ये वे विजेता जागरूक नागरिक हैं जो विभाग के फेसबुक पेज आईईसी श्रीगंगानगर से जुड़कर आमजन को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। जिला मुख्यालय पर बुधवार को आयोजित इस समारोह में सीएमएचओ डॉ. मनमोहन गुप्ता, बीसीएमओ डॉ. मुकेश मितल, डॉ. मनोज अग्रवाल, सीओआईईसी विनोद बिश्नोई एवं पीसीपीएनडीटी प्रभारी रणदीप सिंह ने टॉप फैन विजेताओं को पुरस्कृत किया। मंच संचालन आशा प्रभारी रायसिंह सहारण ने किया।

सीएमएचओ डॉ. गुप्ता ने बताया कि विभाग के फेसबुक पेज आईईसी श्रीगंगानगर से करीब 84000 नागरिक जुड़े हैं। जहां हर दिन स्वास्थ्य सेवाओं व योजनाओं से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री पोस्ट की जाती है। आईईसी श्रीगंगानगर की ओर से कोविड काल के दौरान बेतहरीन कार्य करते हुए आमजन तक पहुंच स्थापित की। जिस कारण आज भी आम नागरिक विभागीय योजनाओं व स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक हो रहे हैं। आमजन के इस जुड़ाव को और अधिक बढ़ाने के उद्देश्य से विगत दिनों पांच टॉप फैन को सम्मानित करने की घोषणा की थी।

## सार-समाचार

### केशव मिस्टर व शालू मिस फ्रेशर



फ्रेशर्स पार्टी में शालू तंवर को मिस फ्रेशर बनने पर कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित ने स्मृति चिन्ह से नवाजा।

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट विभाग में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ मेघना शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्ववविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार छंगाणी थे। विभाग के समन्वयक मानकेशव सैनी रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दीक्षित ने कहा कि कॉमर्स एवं मैनेजमेंट विभाग के छात्रों में वो क्षमता होती है कि वो किसी वस्तु को ब्राण्ड बनाकर उसें बाजार में श्रेष्ठता से प्रस्तुत कर देते है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने विषय के प्रति गहनता से अधययन करते हुए अपने कॅरिअर में सफलता अर्जित करनी चाहिए। विभागाध्यक्ष प्रो. छंगाणी ने कहा कि विषय में महारत हासिल करने के साथ व्यावहारिक ज्ञान को अपने जीवन में लागू करना चाहिए। फ्रेशर पार्टी में सेमेस्टर प्रथम के छात्र केशव साध मिस्टर फ्रेशर तथा शालू तंवर को मिस फ्रेशर घोषित किया गया। वहीं बेस्ट परफोरमर्स मूलचंद सुथार व मोनिका सोनी बने।

### मोटे अनाज उपयोग का संदेश देंगे रथ



मोटे अनाज के उपयोग का संदेश देने के लिए सहायक निदेशक कृषि सुभाष विश्नोई ने वाहनों को रवाना किया।

**बीकानेर,** (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के तहत मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु कृषि विभाग बीकानेर द्वारा बुधवार को राजस्थान मिलेट्स मिशन योजनान्तर्गत ब्लॉक स्तरीय रोड शो का आयोजन कर रथों को एक साथ 05 ब्लॉक बीकानेर, पूगल, खाजूवाला, कोलायत व लूणकरनसर से रवाना किया गया। बीकानेर से सहायक निदेशक कृषि अमर सिंह गिल, कोलायत से सहायक कृषि अधिकारी आनन्द कुमार हटीला, पूगल तथा खाजूवाला से सहायक निदेशक कृषि सुभाष विश्नोई व लूणकरनसर से सहायक कृषि अधिकारी मामराज व अब्दुल अमीन ने रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर कृषि अधिकारी गिरीराज चारण, मीनाक्षी, रमेश भाम्भू, मेधराज बंजारा, सुभाषचंद्र, देवेन्द्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, पृथ्वीराज, राजेन्द्र पहाडिया, भंवर पंचार, रामकुमार, मालाराम जाट, मोहन कुलड़िया अन्य विभागीय अधिकारी व बडी संख्या में जनप्रतिनिधियों, आमजन व प्रगतिशील किसान उपस्थित थे। यह रथ तय रूट चार्ट अनुसार गांव-गांव में मुख्य चौपाल पर किसानों को एकत्रित कर किसानों को मिलेट्स का उपयोग करने की जानकारी देगा।

### स्वयंसेवकों ने की सफाई



स्काउट-गाइड ने लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में श्रमदान कर सफाई की।

**बीकानेर,** (कासं)। स्थानीय श्री जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज युवा एंव खेल मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी व स्काउट्स के अन्तर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषील कुमार दैया एव डॉ. राजेश कुमार रांकावत ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर में स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिवराम सिंह झांझडिया ने कहा कि स्वच्छता को हमें अपने जीवन का एक अंग बना लेना चाहिए।

# चुनाव में मुद्रित सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम जरूरी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। विधानसभा आम चुनाव 2023 के दौरान निर्वाचन पम्पलेटों, पोस्टरों आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 की पालना को लेकर बुधवार को जिला परिषद हॉल में प्रिन्टिंग प्रेस संचालकों व केबल ऑपरेटरों की बैठक लेकर आवश्यक जानकारी दी गई। चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करने के साथ-साथ आयोग के निर्देशों की प्रतियां भी उपलब्ध करवाई गई।

बैठक में डीएलएमटी हंसराज जोशी, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार सोनी, अशोक शर्मा, सहायक निदेशक अनिल कुमार शाक्य, मीडिया सेन्टर के अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी रामकुमार राजपुरोहित ने विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान मुद्रण से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी दी तथा प्रेस संचालकों के जिज्ञासाओं के उत्तर दिये। चुनाव के दौरान केबल ऑपरेटर को एमसीएमसी एण्ड मीडिया सर्टिफिकेशन समिति से अनुमति लेकर ही विज्ञापन व पट्टी चला सकेंगे, की जानकारी दी गई।

- **प्रिन्टिंग प्रेस संचालकों व केबल ऑपरेटरों को बैठक में दी जानकारी**

बैठक में प्रिन्टिंग प्रेस संचालकों को बताया गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव के दौरान कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पम्पलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा अथवा मुद्रित या प्रकाशित नहीं करवायेगा, जिसके मुख पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो। कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन पम्पलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण नहीं करेगा या मुद्रित नहीं करवायेगा, जब तक कि प्रकाशक की पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हो, द्वारा सत्यापित न हो तथा जिसे उनके द्वारा डुप्लीकेट मुद्रक को न दिया जाये। जब तक कि दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात उचित समय पर मुद्रक द्वारा दस्तावेज की एक प्रति के साथ घोषणा की एक प्रति न भेजी जाये।

हाथ से लिखी गई प्रतियों के अलावा दस्तावेज की प्रतियों की संख्या बढ़ाने के लिये किसी प्रक्रिया को मुद्रण समझा जायेगा तथा वाक्यांश मुद्रक को तदनुसार समझा जाये। निर्वाचन पम्पलेट अथवा पोस्टर से तात्पर्य है अभ्यर्थी अथवा अभ्यर्थी के समूह के निर्वाचन के प्रचार या पूर्वाग्रह के उद्देश्य से वितरित किये गये हेण्डबिल अथवा दस्तावेज या कोई इस्तेहार जो निर्वाचन के संदर्भ में हो परन्तु जिसमें केवल निर्वाचन एजेंटों अथवा कार्यकर्ताओं के लिये निर्वाचन सभाओं तथा नेमी अनुदेशों की तिथि, समय, स्थान तथा अन्य विवरण की घोषणा से जुड़े कोई हेण्डबिल विज्ञापन अथवा पोस्टर शामिल न हो।

कोई व्यक्ति जो उपधारा एक अथवा उपधारा 2 के किसी भी उपबंध का उल्लंघन करता है, वह 6 महीने तक का कारावास तथा जुर्माना 2 हजार रूपये तक बढ़ाया जा सकता है अथवा दोनों से दण्डनीय होगा।

## कोडमदेसर भैंरू का अभिषेक

**बीकानेर,** (कासं)। प्रकाश चित्र सिनेमा के पीछे बने कोडमदेसर भैंरूजी मंदिर में भैंरूजी का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिन बुधवार को कोडमदेसर भैंरूजी का अभिषेक किया गया।

संरक्षक अशोक गहलोत ने बताया कि अभिषेक दोपहर 3:00 बजे शुरू हुआ। शाम को आरती हुई। गहलोत परिवार की ओर से होने वाले इस कार्यक्रम में भगत सिंह गहलोत ने बताया कि गुरूवार को महा आरती का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार कार्यक्रमों के अंतिम दिन शुक्रवार को एक विशाल जागरण का आयोजन भी किया जायेगा।

जागरण में बीकानेर और बाहर से सुप्रसिद्ध कलाकार अपने भैंरूजी के भजनों की प्रस्तुति देंगे। जागरण की संपूर्ण व्यवस्था पवन राजा, लाली, अर्जुन, अमित व गहलोत परिवार के सभी सदस्यों द्वारा की जायेगी। कोडमदेसर भैंरूजी मंदिर में होने वाले इस कार्यक्रम में अनेक भक्तों का आना होता है। भादवे की अंत में होने वाले इस आयोजन के बाद भाद्र पक्ष आरंभ हो जायेगा। इन कार्यक्रमों के तहत मंदिर व आसपास की जगह को रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाहट की गई है।

# घर में घुसकर पिता-पुत्र के साथ मारपीट

**हनुमानगढ़,** (कासं)। लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुसकर खाना खा रहे पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने और रूपये छीनकर ले जाने का मामला सामने आया है।

इस संबंध में पीडित ने सदर पुलिस थाने में भाई-बहन के खिलाफ नामजद और सात अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इससे पहले दूसरे पक्ष की ओर से भी महिला पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया। पुलिस के अनुसार दुल्लाराम (49) पुत्र चाणराम भाट निवासी वार्ड 9, गांव जंडावाली ने लिखित रिपोर्ट दी कि वह 14 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे घर पर खाना खा रहा था। तभी रवि और उसकी बहन प्रियंका के अलावा 4 पुरुष और 3 महिलाएं आई। इन सभी ने घर में घुसकर उसके बेटे इन्द्राज पर लाठी और डंडों से हमला कर दिया। जब उसने बीच-बचाव किया तो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे पकड़ लिया और गर्दन पर नाखून मारे, कपड़े फाड़े और गला घोंट दिया। उसकी जेब से 1445 रूपए निकाल लिए। मौके पर पहुंचे पालाराम, सोनू और अन्य ने बीच-बचाव कर छुड़ाया।

- **रूपये -छीने, भाई-बहन सहित सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज**
- **दूसरे पक्ष की ओर से भी महिला पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया**

दुल्लाराम के अनुसार उसने इस घटना के संबंध में उसी दिन सदर पुलिस थाना में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी। लेकिन गांव के ही मौजिज लोगों ने राजीनामा करवाने का आश्वासन दिया। जिस पर उसने आगे कार्रवाई नहीं की। लेकिन अब उसे पता चला है कि दूसरे पक्ष ने उनके खिलाफ महिला पुलिस थाने में झूठे आरोप लगाकर पहले ही रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके संबंध में पुलिस थाना से फोन पर सूचना मिली।

# पैदल यात्रियों की सेवा के लिए सेवा पंडाल

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में इन दिनों मेलों का माहौल है। बीकानेर में कल और आज राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 11 कोडमदेसर जाने वाले पैदल यात्रियों से भरा नजर आयेगा। जहां कल कोडमदेसर बाबा के दर्शन करने के लिए पैदल यात्री पैदल रवाना हुए।

आज भी बड़ी संख्या में पैदल यात्री बाबा को धोक लगाने पैदल रवाना होंगे। पैदल यात्रियों की सेवा के लिए रास्ते में जगह-जगह सेवादार सेवा पंडाल लगाकर सेवा कार्य कर रहे हैं।

कल देर रात चले पैदल यात्रियों के मेले में भी सेवादार पैदल यात्रियों की सेवा में जुटे रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 11 पर स्थित नवनिर्मित डेहरू माता के मंदिर के सामने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी टोगड़ मस्त मंडल की ओर से पैदल यात्रियों के लिए सेवा शिविर लगाया गया। टोगड़ मस्त मंडल द्वारा लगाये गए सेवा शिविर में पैदल यात्रियों के लिए केसर युक्त चाय, गरमा गरम दाल की पकौड़ी, बिस्किट और ठंडे जल की व्यवस्था की गई। इस दौरान सेवा शिविर पर पैदल यात्रियों का उत्साह देखने को ही बन रहा था। टोगड़ मस्त मंडल के किशन कुमार कल्ला ने बताया कि वर्ष 2009 से लगातार मंडल द्वारा पैदल यात्रियों के लिए सेवा शिविर लगाया जा रहा है।

## फुटेज से चोर की पहचान

**हनुमानगढ़,** (कासं)। किराये के कमरे में रह रहे दो युवकों के मोबाइल फोन चोरी हो गए। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जांची तो अज्ञात चोर नजर आया। फुटेज के आधार पर उसकी पहचान भी कर ली गई। इस संबंध में टाउन थाने में चोर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया गया।

पवन कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी वार्ड 11, गांव पीलीबंगा ने पुलिस को बताया कि वह टाउन स्थित बेनीवाल हॉस्पिटल में स्वास्थ्य मार्गदर्शक पद पर कार्यरत है। उसने व उसके दोस्त अमन ने बेनीवाल हॉस्पिटल के सामने कमरा किराये पर ले रखा है। आरोप है कि 30 जुलाई को अज्ञात युवक कमरे से मोबाइल फोन चुरा ले गया।

# मोटे अनाज ज्वार-बाजरा व रागी के फायदों के बारे में बताया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित किया गया है। पोषक अनाजों के उत्पादन में वृद्धि, मूल्य संवर्धन, मूल्य संवर्धित उत्पादों के घरेलू उपभोग में वृद्धि आदि के सम्बन्ध में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को कृषि अनुंसधान केन्द्र सभागार में डॉ. विजय प्रकाश आर्य क्षेत्रिय निदेशक अनुसंधान कृषि अनुसंधान केन्द्र श्रीगंगानगर के अध्यक्षता में किया गया।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. जी. आर. मटोरिया ने बताया कि

- **जिला स्तरीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा पौष्टिक अनाज योजना अन्तर्गत कार्यशाला आयोजित**

भारत सरकार की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2023 को अन्तर्रेष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की गई है। इसके तहत आमजन को मिलेट्स यानी बाजरा, ज्वार, रागी, कोंदो, कुटकी, सांवा आदि के पोषक महत्व एवं स्वास्थ्य के लिए फायदे के बारे में जागरूक करने के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य व महत्व के बारे में बताया कि भोजन में मोटा अनाज का होना स्वास्थय के लिए पोषक तत्वों की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। राजस्थान की प्रमुख फसलों में मिलेट्स का एक अहम स्थान है जिसमें बाजरा व ज्वार प्रमुख है। मिलेट्स पोषणीय आधार पर अन्य खाद्यान्न फसलों की अपेक्षा बेहतर है।

# संभागीय आयुक्त ने किया अमृता ग्रामीण हाट में आयोजन स्थल का निरीक्षण

**बीकानेर,** (कासं)। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने बुधवार को संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले के आयोजन स्थल ग्रामीण हाट का निरीक्षण किया।

महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मेघा रतन ने बताया कि जय नारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट में 3 से 9 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले इस मेले के संबंध में संभागीय आयुक्त ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान संभागीय आयुक्त राजोरिया ने कहा कि परिसर की साफ सफाई के साथ-साथ अपनी महिलाओं के रुकने और संबंधित अन्य व्यवस्थाएं, सुरक्षा, प्रवेश द्वार बनाने सहित समस्त आदि के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय करते हुए कार्य समय पर पूरी कर लिए जाएं। इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त सुभाष चौधरी, जिला परियोजना प्रबंधक नाबार्ड रमेश तांबिया, जिला उद्योग केन्द्र उपनिदेशक अतुल पारीक, जिला परियोजना प्रबंधक राजीवका हरिराम सहित नगर निगम और महिला अधिकारिता का विभाग के अन्य कार्मिक उपस्थित थे।



बीकानेर संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ( बायें से प्रथम ) ने अमृता ग्रामीण हाट में आयोजन स्थल का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं को जांचा।

**स्वच्छता अभियान एक से :** बीकानेर 27 सितंबर। रेलवे द्वारा 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ट्रेनों, रेलवे स्टेशनों, रेलवे कार्यालयों, अस्पतालों एवं अन्य रेलवे स्थापनाओं तथा रेलवे कॉलोनियों आदि में स्वच्छता के स्तर में दृष्टिगत सुधार लाने हेतु दैनिक आधार पर विभिन्न गतिविधियों आयोजित की जा रही है।

- **सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के निर्देश दिए**

1 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से एक बड़ा स्वच्छता अभियान '1 तारीख 1 घंटा 10 बजे' का आयोजन किया जा रहा है। बीकानेर मंडल के प्रमुख स्टेशन बीकानेर, लालगढ़, सूरतगढ़, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, हिसार, भिवानी, सिरसा, रतनगढ़, चूरू, सादुलपुर लौहारू स्टेशन पर स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया जायेगा।

इस श्रमदान में रेलवे कर्मचारियों के अतिरिक्त विभिन्न गैर सरकारी संगठन, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, स्वयंसेवक दल तथा आमजन भी सम्मिलित होंगे। सभी इकाईयों में वरिष्ठ अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा गतिविधियों की रूपरेखा तैयार कर उसे निष्पादित किया जायेगा। इन इकाईयों में विभिन्न विभागों से इस संबंध में समन्वय स्थापित किया जायेगा।

# भाजपा चुनाव प्रभारी ने पदाधिकारियों से लिया फीडबैक

**बीकानेर,**(कासं)। केन्द्रीय कोयला, खान और संसदीय मामलों के मंत्री और राजस्थान भाजपा चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी आज एक दिवसीय दौरे पर बीकानेर पधारे बीकानेर आगमन पर भाजपा जिला पदाधिकारियों ने जोशी का स्वागत किया।

लक्ष्मी निवास पैलेस में बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल ने प्रहलाद जोशी का स्वागत किया और भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलकर बीकानेर शहर और देहात विधानसभा की जानकारी लेते कार्यकर्ताओं से विस्तार से चर्चा हुई। भाजपा जिला कार्यालय में शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, देहात जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अगुवाई में जिला समन्वयक समिति की बैठक हुई।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, विधायक सिद्धि कुमारी, सुमित गोदारा, बिहारीलाल विश्नोई, प्रभारी ओम सारस्वत, दशरथ सिंह शेखावत, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेधर के साथ जिला महामंत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।




राजस्थान चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी ( बीच में ) ने भाजपा संभाग कार्यालय में जिला समन्वयक बैठक में पदाधिकारियों से फीडबैक लिया।

समन्वय समिति की बैठक में प्रहलाद जोशी ने विधानसभा चुनावों को लेकर विधानसभा वार फीडबैक लिया व आगशिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण करवाने की मांग को लेकर चलाये गमी चुनावों में किस तरह पार्टी की जीत निश्चित हो कार्यकर्ताओं का जीत के मंत्र बैठक में दिए।

